क्षमता के अनुसार प्रतिदिन कितने घंटे टेलीविजन कार्यक्रम प्रसारित किया जा सकता है तथा कितने घंटे यह कार्यक्रम प्रसारित किया जाता है ; और

(ख) टेलीविजन कार्यक्रमों से प्रतिवर्ष, विशेषतः पिछले एक वर्ष में हुए लाभ अथवा हानि का ब्योरा क्या है ?

सूचना तथा प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) : (क) इस समय भारत में केवल एक ही टेलीविजन केन्द्र है अर्थात् दिल्ली के टेलीविजन केन्द्र। यह केन्द्र वर्तमान सुविधाओं के आधार पर अपनी अनुकूलतम क्षमता का उपयोग कर एक सप्ताह में औसतन लगभग 21 घंटे का कार्यक्रम देता है।

(ख) 1966-67 के दौरान वास्तविक व्यय 25,96,239/- रुपए था जबकि 1966-68 में 28,83,100/- रुपए खर्च होने की संभावना है। टेलीविजन सेट सीमित संख्या में होने के कारण इन सेटों से लाइसेंस फीस एक साल में केवल लगभग 2 लाख रुपए होने की आशा है। टेलीविजन केन्द्र अपने कार्यक्रमों के माध्यम से महत्वपूर्ण जन सेवा शिक्षा, सूचना और मनोरंजन उपलब्ध करता है और इससे होने वाले लाभ को धन के रूप में नहीं आंकना चाहिए।

## प्रतिरक्षा डेयरी फार्म

8369. श्री महाराज सिंह भारती : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत वर्ष सैनिक डेयरी फार्मों पर कुल कितना धन व्यय हुआ और कुल कितना दूध मिला ;

(ख) क्या यह सच है कि डेयरी फार्मों के दूध पर जो लागत आती है वह बाजार भाव से अधिक है; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं।

प्रति रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) 1967-68 के लिए आडिटशुदा आंकड़े अभी प्राप्त नहीं है। 1966-67 वर्ष के दौरान दूध के उत्पादन पर किया गया कुल खर्च 154,18 लाख रुपये था, और उत्पादित की गई दूध की कुल राशि 139·28 लाख लीटर।

(ख) जी नहीं 1966-67 के दौरान खरीदे गए दूध की तुलना में सैनिक फार्मों में उत्पादित दूध में मक्खन की अधिक मात्रा होने को समक्ष रखते, फार्मों में उत्पादित गाए का दूध अधिक सस्ता रहा, जब कि फार्मों में उत्पादित भैंस का दूध व्यवहारिक तौर पर खरीदे गये दूध के बराबर दर पर उत्पादित किया गया था। 1967-68 में आशा है गाय और भैंस दोनों का फार्मों में उत्पादित दूध खरीदे गये दूध से सस्ता रहेगा।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

## Development of Radars in B.E.L.

8370. SHRI K. LAKKAPPA : Will the Minister of DEFENCE be pleased to state :

(a) whether it is a fact that a radar has been designed by the Bharat Electronics Ltd., Bangalore for Defence purposes ; and

(b) if so, the steps taken to further improve upon it and to develop new designs ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE (SHRI L. N. MISHRA) : (a) and (b). It would not be in the public interest to give this information.

## TV Sets as Gifts

8371. SHRI DEIVEEKAN :
SHRI MAYAVAN :
SHRI SUBRAVELU :
SHRI KAMALANATHAN :

Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state :

(a) the number of television sets received as gifts from various foreign countries during the last five years ; and

(b) the names of persons or organisations to whom these sets were given gratis by the Government of India ?

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. K. SHAH) : (a) 251.

(b) No set has been given gratis to any person or organisation. These sets have been installed in Schools and Tele-clubs etc. They continue to be the property of All India Radio.

### मध्य प्रदेश में नये रेडियो स्टेशन

8373. श्री गं० च० दीक्षित : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले छः वर्ष में मध्य प्रदेश में कितने नये रेडियो स्टेशन चालू किये गये उन पर कितना धन व्यय हुआ और उन पर प्रति वर्ष कितना आवर्ती व्यय होता है और इससे कितनी आय होती है ; और

(ख) मध्य प्रदेश में इन रेडियो स्टेशनों द्वारा कितने कलाकार और अन्य कर्मचारी नियुक्त किये गये और इन कर्मचारियों को वेतन अथवा उपलब्धियों के रूप में प्रतिवर्ष कितनी धनराशि दी जा रही है ?

सूचना तथा प्रसारण मन्त्री (श्री के० के० शाह) : (क) : पिछले छः वर्ष में मध्य प्रदेश में निम्नलिखित रेडियो केन्द्र चालू किये गए:—

रायपुर - सहायक केन्द्र—2-10-63
ग्वालियर सहायक केन्द्र—15-18-64
जबलपुर सहायक केन्द्र - 8-11-64

उन पर हुए खर्च, उन पर होने वाले आवर्ती व्यय और उनसे होने वाली आय के बारे में जानकारी एकत्र की जा रही है और यथा समय सदन की मेज पर रख दी जाएगी ।

(ख) : जानकारी एकत्र की जा रही है और समय सदन की मेज पर रख दी जाएगी ।

### मध्य प्रदेश में प्रतिरक्षा बस्ती

8374. श्री गं० च० दीक्षित : क्या रक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने मध्य प्रदेश में एक प्रतिरक्षा बस्ती बनाने की योजना बनाई है ;

(ख) यदि हां, तो किस स्थान पर तथा उसका कब तक निर्माण हो जायेगा ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

प्रति रक्षा मन्त्रालय में उप मन्त्री (श्री म० रा० कृष्णा) : (क) से (ग). मध्य प्रदेश में रक्षा कालोनी के निर्माण के लिए कोई पक्की योजना तैयार नहीं की गई है । यदपि, कुछ वर्ष हुए विचार किए गए एक प्रस्ताव के अनुसार सैनिक सहयोगी भवन निर्माण कालोनियों की स्थापना के लिए देश भर में लगभग 60 उपयुक्त स्थान चुने गए थे । इनमें शामिल थे मध्य प्रदेश के तीन स्थान, अर्थात् इन्दौर, जबलपुर, और महो उद्देश्य यह है, अगर प्रतिक्रिया संतोषजनक हो, और सैनिक सहयोगी भवन निर्माण समितिएं बनाई जाएं, तो सेवा कर रहे या भूतपूर्व सैनिकों को, व्यक्तिगत रूपेण या उन समितियों के सदस्यों के तौर पर हानि लाभ आधार पर भूमि क्षेत्र अलाट करने के लिए सम्बन्धित राज्य सरकारों की मार्फत विकसित भूमि प्राप्त की जाए, जिसके पश्चात् भवन निर्माण का उत्तर दायित्व अलाट किए गए व्यक्तियों का होगा । अभी तक मध्य प्रदेश में ऐसी कोई समितिएं नहीं बनाईं गई ।

### मध्य प्रदेश के कमजोर ट्रांसमीटर

8375. श्री गं० च० दीक्षित : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश में ट्रांसमीटर कमजोर हैं ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है तथा वहां पर कब तक उच्च शक्ति के ट्रांसमीटर लगा दिये जायेंगे ?

सूचना तथा प्रसारण मन्त्री (श्री के० के० शाह) : (क) : जी, नहीं । मध्य प्रदेश में इस समय चार मध्य शक्ति के मीडियम वेव, एक मध्य शक्ति का शॉर्टवेव और तीन अल्प शक्ति के मीडियम वेव ट्रांसमीटर हैं ;